Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title : Growing unemployment in the country.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी के मामले में बताना चाहता हूं कि आज हमारे देश में करोड़ों की तादाद में पढ़े-लिखे सुशिक्षित बेरोजगार नौकरी हेतु अपना पंजीकरण कराकर नौकरी की प्रतीक्षा करते रहते हैं। अनेक वर्षों के बाद भी उनको नौकरी नहीं मिलती। पढ़े-लिखे नौजवान निराश होकर अपना जीवन जी रहे हैं। सरकार के सभी उपक्रमों में नौकरी भर्ती बंद कर दी गई हैं, जैसे कोल इंडिया व सेल जैसे इन सभी जगहों पर नौकरी भर्ती बंद होने की वजह से और सरकार द्वारा वी.आर.एस. स्कीम चलाकर वहां काम करने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को बेकार किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट में एक निर्णय लिया है कि जो केन्द्र सरकार के कर्मचारी हैं, उनका वेतन बढ़ाने हेतु छठे वेतन आयोग की मंजूरी दी है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जिन्हें वेतन मिलता है, इनके बारे में सरकार सोचती है और जिन्हें एक रुपया भी वेतन नहीं मिलता है, जो बेरोजगारी से परेशान हैं और जो आत्महत्या की ओर जा रहे हैं, इन बेरोजगार व्यक्तियों को सरकार को निर्वाह भत्ता देने के लिए सोचना SÉÉÉÊcA[R53]।

आज लोगों को वर्षों तक नौकरी नहीं मिल रही है जिससे उनकी उम्र भी निकल रही है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि जिन लोगों का पंजीकरण रोज़गार कार्यालयों में किया जाता है, नौकरियों में उनकी आयु-सीमा बढ़ाने के लिए भी सरकार पहल करे।